04/11/2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल एशियाई पैरा खिलाड़ियों से करेंगे मुलाकात।
- अग्निवीरों को 2 साल की अतिरिक्त सेवा का मौका, कैबिनेट ने दी मंजूरी।
- भोपाल में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को घेरा।
- इंदौर में संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक का समापन।

पीएम- एशियाई पैरा खेल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में एशियाई पैरा खेल 2026 में देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे खिलाड़ियों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। जापान के आइची-नागोया में हुए इन खेलों में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 114 पदक अपने नाम किए। इनमें 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल हैं।

अग्निवीर-सेवा अवधि बढ़ी

केंद्र सरकार ने अग्निवीरों की सेवा अवधि बढ़ाने को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने बताया कि चार साल की सेवा पूरी करने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त सेवा अवसर दिया जाएगा। वहीं, 25 प्रतिशत अग्निवीरों को योग्यता और प्रदर्शन के आधार पर नियमित सेना में शामिल किया जाएगा। अतिरिक्त दो साल की सेवा के दौरान अग्निवीरों को पहले से ज्यादा वेतन भी मिलेगा।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा

भोपाल में आज भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकाली। अटल पथ पर आयोजित सभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया और अब लोकतंत्र की रक्षा की बात कर रही है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चुनाव में हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने का आरोप लगाया।
वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग का अपमान करने वालों को जनता माफ नहीं करेगी।

संघ-बैठक समापन

इंदौर के डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक आज समाप्त हो गई। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरक्षण, मंदिर विवाद, संगठन विस्तार और एसआईआर समेत कई मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को समान अवसर मिलने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। श्री होसबाले ने बताया कि एक साल में संघ की पहुंच 10 हजार 241 नए स्थानों तक बढ़ी है और देशभर में 99 हजार 423 शाखाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा-

हरदीप सिंह पुरी- नामांकन

प्रदेश में राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। कांग्रेस ने उनके शपथपत्र में कई गलतियां बताते हुए नामांकन निरस्त करने की मांग की थी, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी आपत्तियां खारिज कर दीं। वहीं, त्रुटियां पाए जाने पर कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार लोहानी और कांते सायन्ना का नामांकन निरस्त हो गया है। कल नाम वापसी की समयसीमा खत्म होने के बाद चुनाव की स्थिति साफ होगी।

बलराम कृषि महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पांढुर्णा में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कम बारिश को देखते हुए जिलों में सर्वे कराया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर किसानों को हर संभव मदद दी जाएगी। कार्यक्रम में किसानों ने प्राकृतिक खेती, संतरा उत्पादन और कृषि आधारित उद्योगों से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए।

बाल विवाह रोकथाम

प्रदेश में 20 नवंबर को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग विशेष अभियान चलाएगा। विभाग की सचिव जीवी रश्मि ने सभी जिलों को सतर्कता बरतने और बाल विवाह की आशंका वाले आयोजनों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए गांवों और वार्डों में सूचना दल बनाए जाएंगे, जबकि जिला और ब्लॉक स्तर पर 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय रहेंगे। बाल विवाह की सूचना हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपातकालीन सेवा 112 पर दी जा सकती है।

देवास टीआई हत्याकांड

देवास में टीआई दिलीप पुरी हत्याकांड के मुख्य आरोपी गजेंद्र रावत उर्फ अक्कू और सह आरोपी धीरज का पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर शॉर्ट एनकाउंटर किया। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने अभिरक्षा से भागने और पुलिसकर्मियों के हथियार छीनकर हमला करने की कोशिश की थी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों को देवास जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती

प्रदेश में करीब पांच साल बाद 3 हजार 62 ग्रामीण आशा कार्यकर्ताओं की भर्ती होने जा रही है। इसके लिए 16 नवंबर से 16 दिसंबर तक एमपी ई-सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। चयन के लिए महिला का संबंधित गांव की निवासी और विवाहित होना जरूरी है, साथ ही उम्र 21 से 45 साल और कम से कम 10वीं पास होना चाहिए।

डिप्टी सीएम- समीक्षा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल से टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह और निवाड़ी जिले में पदस्थ बॉन्डेड डॉक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान करने के निर्देश दिए।

निर्मला भूरिया-बच्चों से मुलाकात

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आज पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन और मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के 27 लाभार्थी बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई, परेशानियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत पात्र बच्चों को हर महीने 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। वहीं, पीएम केयर्स योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सहायता का प्रावधान है।

क्रिकेट

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑकलैंड के ईडन पार्क में न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40.2 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 4 और गुरनूर बरार ने 3 विकेट झटके। बारिश के कारण भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य मिला, जिसे टीम ने 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

समाचार संक्षेप में :–

- शहडोल में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए बाणसागर जलाशय में 10 हजार केज लगाए जाएंगे।
- रीवा में 'वर्तमान परीक्षा प्रणाली : स्थिति, चुनौतियां एवं समाधान' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- झाबुआ जिले में चल रहे जांच अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा टीम ने 5 मिठाई एवं नमकीन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 11 नमूने संग्रहित किए।
- सागर संभाग कमिश्नर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में संभागीय नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आयोजित की गई।
- दतिया में 9 से 11 नवंबर तक आयोजित होने वाले प्रसिद्ध रतनगढ़ माता मंदिर के लख्खी मेले की तैयारियों का पुलिस अधिकारियों द्वारा जायजा लिया गया।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुरैना में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए।

- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत स्थानीय बाजार का भ्रमण कराया गया।
- मुरैना जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 के तहत ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने पहल शुरू की गई है।
